# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिसार (डायरिया) की रोकथाम, उपचार और जन-जागरुकता अभियान कब से शुरू किया गया है?

(A) 15 जून से
(B) 12 जून से
(C) 16 जून से
(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिसार (डायरिया) की रोकथाम, उपचार और जन-जागरुकता के लिए 16 जून से राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जाएगा

- 16 जून से 31 जुलाई तक चलने वाले 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' के तहत विशेष रूप से पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में अतिसार की रोकथाम, समय पर उपचार, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और जन-जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्यभर में यह अभियान चलाया जाएगा।
- अभियान के दौरान "स्वच्छ जल, समुचित उपचार – डायरिया से बचें हर बार" विषय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**Yesterday Revision**

01. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) 2025-26' में राजस्थान के शिक्षा विभाग ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है. प्रदेश के 11 विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर का मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है.

02. देहरादून की दून यूनिवर्सिटी में 17 से 19 जून तक आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय युवा संसद 2026' के लिए जयपुर की प्रतिभाशाली छात्रा अजुनी तिवाड़ी का चयन राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है।

03. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े शोधकर्ताओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय जर्नल सस्टेनेबल सिटीज एंड सोसायटी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार जयपुर दुनिया के 50 सबसे अधिक हीट रिस्क वाले शहरों में शामिल है।

04. किशाऊ मल्टीपरपज डैम प्रोजेक्ट पर राजस्थान सहित 6 राज्यों के बीच सहमित बन गई है.गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 16 जून को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के बीच समझौता हुआ.

05. राजस्थान के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहली बार विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) जयपुर ने गूगल क्लाउड के साथ मिलकर राज्य का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस लॉन्च किया है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान की तैराक दक्षिणा जोशी ने अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

(B) 79वीं सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप 16 से 21 जून के बीच आयोजित की जा रही




**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान की तैराक दक्षिणा जोशी ने अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
- दक्षिणा ने महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में यह पदक जीता।
- उन्होंने 2 मिनट 20.82 सेकंड का समय निकाला
- रेलवे स्पोर्ट्स बोर्ड की आस्था चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता।
- इससे पहले सृष्टि टंडन ने जयपुर में आयोजित सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।
- सीनियर राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का करीब 20 साल बाद पदक मिला है
- 79वीं सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप (Senior National Aquatic Championships) 16 से 21 जून के बीच आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में राजस्थान का 10 सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) जयपुर स्थित 'राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज' (RUHS) अस्पताल को 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (RIMS) में अपग्रेड किया जाएगा

(2) नई दिल्ली के AIIMS की तर्ज पर एक शीर्ष और आधुनिक सुपर स्पेशलिटी संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार की पहल पर जयपुर स्थित 'राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज' (RUHS) अस्पताल को 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (RIMS) के रूप में चरणबद्ध तरीके से उन्नत (अपग्रेड) करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।
- इसे नई दिल्ली के AIIMS की तर्ज पर एक शीर्ष और आधुनिक सुपर स्पेशलिटी संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- इसके माध्यम से मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और जयपुर के SMS अस्पताल पर मरीजों का अत्यधिक भार भी कम होगा।
- RUHS का उन्नयन कर 40 एकड़ में होगा निर्माण, मिलेगा विश्वस्तरीय इलाज और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा।

**03.राजस्थान में स्टोन उद्योग के सबसे बड़े आयोजन इंडिया स्टोन मार्ट-2028 का आयोजन जयपुर में कब किया जाएगा?**

(A) 07 से 14 मार्च, 2028 तक

(B) 17 से 20 फरवरी, 2028 तक

(C) 22 से 26 जनवरी, 2028 तक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- स्टोन उद्योग के सबसे बड़े आयोजन इंडिया स्टोन मार्ट-2028 के लिए 16 जून को कान्सटीट्यूशन क्लब में लघु उद्योग भारती, रीको और सीडोस के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।
- इंडिया स्टोन मार्ट 17 से 20 फरवरी, 2028 तक सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित किया जाएगा
- स्टोन मार्ट में 80 देशों के 500 से अधिक ट्रेड विजिटर हिस्सा लेंगे। इनमें 50 से अधिक एफटीए देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।
- इसमें अधिक से अधिक देशों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, 11 देशों में रोड शो आयोजित किए जाएंगे

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में 1 करोड 54 लाख 50 हजार 294 श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं

(2) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 26 अगस्त, 2023 को ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत की गई।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में 1 करोड 54 लाख 50 हजार 294 श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं
- इनमें 82 लाख 40 हजार 291 महिलाएं और 72 लाख 9 हजार 896 पुरुष श्रमिक शामिल हैं।महिलाओं की भागीदारी 53.33% है,
- असंगठित श्रमिकों की कोई समग्र और प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं होने से उन तक योजनाओं का लाभप्रभावी रूप से पहुंचाना चुनौतीपूर्ण होता है।

इसी को देखते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 26 अगस्त, 2021 को ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत की गई।

05. हाल ही में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की टेक्निकल कमेटी ने किस जिले में स्थित कुंभलगढ़ वाइल्डलाइफ सेंचुरी को टाइगर रिजर्व घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है?

(A) उदयपुर

(B) राजसमंद

(C) चित्तौड़गढ़

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान के वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की टेक्निकल कमेटी ने राजसमंद जिले स्थित कुंभलगढ़ वाइल्डलाइफ सेंचुरी को टाइगर रिजर्व घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।
- इस स्वीकृति के साथ ही कुंभलगढ़ राजस्थान का छठा और देश का 59वां टाइगर रिजर्व बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गया है। अब जल्द ही इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी होगी
- वर्तमान में राजस्थान में रणथंभौर, सरिस्का, मुकुंदरा हिल्स, रामगढ़ विषधारी और धौलपुर-करौली सहित पांच टाइगर रिजर्व मौजूद हैं

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-117

1. **डब्ल्यूडीएफसी** की उस विशेष सेवा को क्या नाम दिया गया है, जिसके तहत माल से लदे ट्रकों को सीधे मालगाड़ी के फ्लैट वैगनों पर ले जाया जाता है?
(A) रोल-ऑन एंड रोल-ऑफ
(B) रेल-पर-ट्रक सेवा
(C) फास्ट-ट्रैक कार्गो
(D) मल्टी-मॉडल फ्रेट

2. **सेई** बांध राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(A) सिरोही (B) पाली
(C) उदयपुर (D) राजसमंद

3. **राज्य** सरकार की पहल पर जयपुर स्थित 'राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज' अस्पताल को किस नए उच्चस्तरीय संस्थान के रूप में चरणबद्ध तरीके से उन्नत करने की प्रक्रिया शुरू की गई है?
(A) राजस्थान कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट
(B) राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज
(C) जयपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(D) मरुधरा आयुर्विज्ञान संस्थान

4. **'मनरेगा'** के स्थान पर केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' अधिनियम को पूरे देश में कब से लागू किया जाएगा?
(A) 25 जून 2026
(B) 1 जुलाई 2026
(C) 15 अगस्त 2026
(D) 2 अक्टूबर 2026

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत बारां जिले की उपज कौन सी है?
(A) चावल (B) लहसुन
(C) धनिया (D) संतरा

Today, Quiz:

Q. राजस्थान के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहली बार गूगल क्लाउड के साथ मिलकर राज्य का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस किस यूनिवर्सिटी में लॉन्च किया गया है?

(A) विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी

(B) महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी

(C) पूर्णिमा यूनिवर्सिटी

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine